पादप आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण पर जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

भा.कृ.अनु.प.-एन.बी.पी.जी.आर. क्षेत्रीय स्टेशन जोधपुर, राजस्थान में बालेसर तहसील के गाँव दुधाबेरा व जाटीभांडू के अनुसूचित जाति के किसानों को आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण बारे में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत दिनाँक 06 सितंबर 2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में लगभग 100 लाभार्थियों ने भाग लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों को स्थानीय किस्मों के जनंद्रव्य का संरक्षण और उस क्षेत्र की फसलों की लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण के बारे में जागरूक करना था । डॉ. अंजू महिन्द्रू सिंह प्रभागाध्यक्ष, जननद्रव्य संरक्षण विभाग ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा ब्यूरो के जीन बैंक की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. जी. पी. सिंह निदेशक एन.बी.पी.जी.आर नई दिल्ली ने जननद्रव्य के संग्रहण तथा संरक्षण तथा उपयोग पर एन.बी.पी.जी.आर द्वारा की जा रही गतिविदियों पर विस्तार पर चर्चा की तथा किसानों को पोधा किस्मों, कृषकों के अधिकारों की रक्षा तथा पौधों की नई किस्मों के विकास पर किसानों प्रोत्साहित किया। डॉ. सिंह ने पादप जीनोम संरक्षक समुदाय पुरस्कार, पादप जीनोम संरक्षक कृषक पुरस्कार तथा पादप जीनोम संरक्षक कृषक सम्मान के बारे मै विस्तार से बताया तथा कृषकों को आवेदेन हेतु उत्साहित किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जे. पी. मिश्रा, निदेशक अटारी, जोधपुर ने किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्रों पर चल रही विभिन्न योजनाओ के बारे में अवगत कराया। डॉ. मिश्रा ने किसानो को प्रसंस्करण द्वारा आय स्रजन पर ज़ोर दिया. उन्होने किसानो द्वारा शुष्क क्षेत्रीय उधायनिकी फसलों के समावेश पे चर्चा की । डॉ. एस. के. कौशिक नोडल ऑफिसर एससीएसपी ने किसानो को संबोदित किया एससीएसपी के अन्तर्गत किसानो को दी जाने वाली ट्रेनिंग ऐवम अन्य सुविधा के बारे मई जानकारी दी. डॉ. पी. के. सिंह, प्रभागाध्यक्ष, पादप अन्वेषण व जननद्रव्य संग्रहण विभाग ऐवम डॉ. डी. कुमार, पूर्व प्रधान वैज्ञानिक, काजरी, जोधपुर तथा ने भी विचार साझा किए। श्री खेमा राम जी जोया सरपंच गाँव दुधाबेरा ने ब्यूरो के जोधपुर स्टेशन द्वारा की जा रही संरक्षण गतिविधियों की सराहना की. डॉ. विजय सिंह मीणा प्रभारी अधिकारी एन.बी.पी.जी.आर. क्षेत्रीय स्टेशन जोधपुर ने धन्यवाद प्रस्ताव अर्पित किया तथा मुख्य अतिथि तथा निदेशक महोदय के सुझाव को भविष्य के आयोजन मै समावेश करने का आश्वासन दिया.

स्रोत डॉ. विजय सिंह मीणा रा.पा.आनु.स. ब्यूरो., क्षेत्रीय कार्यालय, काजरी परिसर, जोधपुर (राज.)

ICAR
भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो
क्षेत्रीय केंद्र जोधपुर, राजस्थान-342003
NBPGR
पादप आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण
हेतु जागरूकता कार्यक्रम सह कार्यशाला
06 सितम्बर, 2023
INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS-2023
ICAR-Central Arid Zone Research Institute, Jodhpur

MILLETS
INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS-2023
ICAR-Central Arid Zone Research Institute, Jodhpur
ICAR
भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो
क्षेत्रीय केंद्र जोधपुर, राजस्थान-342003
NBPGR

CAZRI